

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या-01** **सोमवार, दिनांक-27 फरवरी, 2023 ई० ।**

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:40 बजे अप० तक ।**

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **महामहिम राज्यपाल का संदेश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 27 फरवरी, 2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना ह०/- फागू चौहान

दिनांक-30.01.2023 राज्यपाल, बिहार ।''

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि यह संदेश बिहार के तत्कालीन राज्यपाल श्री फागू चौहान के द्वारा भेजा गया था । वर्तमान में बिहार के राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर हैं, जिनके द्वारा 11:30 बजे पूर्वा० में दोनों सदनों के सदस्यों के सह-समवेत उपस्थिति में अभिभाषण विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होगा । महामहिम राज्यपाल महोदय का स्वागत करने और उन्हें सेन्ट्रल हॉल तक लाने वह विस्तारित भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर जायेंगे । माननीय मुख्यमंत्री और माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी इस हेतु निर्धारित स्थल पर आयेंगे । इस बीच उन्होंने सभी माननीय सदस्यों से सेन्ट्रल हॉल में अपना-अपना स्थान ग्रहण करने एवं महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात पुन: सभावेश्म में अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लेने का आग्रह किया ।

इसके उपरान्त सभा की कार्यवाही सेन्ट्रल हॉल में हुई ।

महामहिम राज्यपाल के आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन (संक्षिप्त रूप में) बजाया गया ।

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया ।

तत्पश्चात् महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन (संक्षिप्त रूप में) बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग महामहिम राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए । महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया ।

**[3] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री विजय शंकर दूबे
(iv) श्री भूदेव चौधरी
(v) श्रीमती ज्योति देवी

**[4] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (iii) | श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सदस्य |
| (iv) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| (vi) | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | सदस्य |
| (vii) | श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता, विरोधी दल | सदस्य |
| (viii) | श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(ii) श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स०
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स०
(iv) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

सप्तदश बिहार विधान सभा के सप्तम सत्र में उदभूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न छः विधेयकों का विवरण, जिसपर महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है, को सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 | 27.12.2022 |
| 2. | बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2022 | 27.12.2022 |
| 3. | बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2022 | 29.12.2022 |
| 4. | बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022 | 08.01.2023 |
| 5. | बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2022 | 08.01.2023 |
| 6. | बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1989-90) विधेयक, 2022 | 08.01.2023 |

[6] **आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन** :-

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वर्ष 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[7] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० डॉ० दाउद अली, पूर्व स०वि०स०

(ii) स्व० हेमेन्द्र प्रताप, पूर्व स०वि०स०

(iii) स्व० केशरी नाथ त्रिपाठी, पूर्व राज्यपाल, बिहार

(iv) स्व० शरद यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा पूर्व सदस्य लोक सभा एवं राज्य सभा

(v) स्व० डॉ० रामकृपाल सिन्हा, पूर्व स०वि०प० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार तथा केन्द्र सरकार

(vi) स्व० हरशिंकर प्रसाद यादव, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद, पूर्व स०वि०प० एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य तथा पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

(viii) स्व० संजीव कुमार झा, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास उनके एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-28 फरवरी, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27.02.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।